अवर सचिव
UNDER SECRETARY

उप-राष्ट्रपति सचिवालय
VICE-PRESIDENT'S SECRETARIAT
नई दिल्ली/NEW DELHI - 110011
TEL.: 23016344/23016422 FAX : 23018124

फाइल संख्या वीपीएस-55/01-आरटीआई/73/2016-17

12 सितंबर, 2017

श्री एन.बी. मनी
अवर सचिव/लोक सूचना अधिकारी,
रक्षा मंत्रालय, साउथ ब्लॉक,
नई दिल्ली।

विषय :- सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6(3) के अंतर्गत सूचना हेतु

महोदय,

श्री लोकेश कुमार साहू निवासी जूनवानी (लीला चौक) पोस्ट समरिती नगर भिलाई जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ का 28.08.2017 का पत्र इस सचिवालय में 07.09.2017 को प्राप्त हुआ है जिसके साथ इन्होंने 10/- रूपये का पो.आ. सं. 11एफ 761804 संलग्न कर इन्होंने इस सचिवालय को प्रेषित अपने 23.01.2017 के पत्र जोकि इस कार्यालय में 27.01.2017 को प्राप्त हुआ था तथा जिसे 30.01.2017 को श्रीयुत सचिव महोदय, रक्षा मंत्रालय को अग्रसारित किया गया था पर की गई कार्यवाही की जानकारी चाही है चूंकि पत्र की विषय-वस्तु रक्षा मंत्रालय से संबंधित है। अत: इनका आवेदन सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6(3) के अंतर्गत आपको हंस्तातरित किया जा रहा है। कृपया आवेदक द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें तथा की गई कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

धन्यवाद,

भवदीय,

(हुरबी शकील)
केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी
hurbi.shakeel@nic.in

प्रतिलिपि:-

श्री लोकेश कुमार साहू निवासी जूनवानी (लीला चौक) पोस्ट समरिती नगर भिलाई जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ - कृपया अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त केन्द्रीय जनसूचना अधिकारी के कार्यालय से संपर्क करें।

हुरबी शकील

(हुरबी शकील)
केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी
hurbi.shakeel@nic.in

Narain Singh
13/9/17

PIL No. 73

सूचना मांगने हेतु आवेदन पत्र

प्रति

Vice President's Secretariat
Dy. No. 457
Date 1/2/17
New Delhi

श्रीमान जन सूचना अधिकारी जी
उपराष्ट्रपति सचिवालय

आवेदक [redacted] लोकेश साहू पिता का नाम - श्री मंगलू राम साहू जाति - साहू निवासी - जुनवानी (लीला चौक) वार्ड क्रं-1 पोस्ट - स्मृतिनगर भिलाई जिला - दुर्ग राज्य - छत्तीसगढ़ पिन - 490020

विषय - सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जानकारी प्रदान करने बाबत आवेदन पत्र

आवेदक निम्नलिखित निवेदन करता है कि सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत मुझे निम्नानुसार जानकारी प्रदान करने की कृपा करें।

चाही गई सूचना - [redacted] लोकेश साहू द्वारा मान. उपराष्ट्रपति जी को दिनाँक 23-1-2017 (रजिस्ट्री क्र ARW 730539994IN) को भेजे गये पत्र में निम्न लिखित निवेदन था

(1) शहीदो को सहायता राशि दिये जाने में भारत सरकार तथा राज्य सरकारो द्वारा खिलाड़ियो की अपेक्षा पक्षपात पूर्ण बर्ताव अपमाना तथा सहायता राशि में बढोत्तरी के लिये केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकारो का ध्यानाकर्षण करवाने हेतु प्रार्थना पत्र

(2) दहेज उत्पीड़न कानून की धारा 498A का झूठा आरोप लगाकर CRPC 125 (भरणपोषण) के तहत समझौते तथा भरणपोषण की मनमाने ढंग से मांग पर रोक लगाने तथा मान. सर्वोच्च न्यायालय के आदेश क्र सुशील कुमार शर्मा v/s यूनियन ऑफ इंडिया एंव अन्य जुलाई 2009 (6) SC 266 तथा अरनेश कु. शर्मा v/s बिहार सरकार क्रिमीनल अपील संख्या न 12 /14 2 जुलाई 2014 का पालन करवाने के लिये गृह मंत्रालय व कानून मंत्रालय को निर्देशित करने के लिये प्रार्थना पत्र

(3) भारत के सभी समाचार पत्रो में राष्ट्रीय चिन्हो की फोटो छापने के बाद होने वाले अपमान की जानकारी तथा समाचार पत्रो एंव अन्य किसी भी उत्पादन विज्ञापनो सामानो में राष्ट्रीय ध्वज व राष्ट्रीय चिन्हो की वास्तविक फोटो छापने पर रोक लगाने हेतु तथा राष्ट्रीय पर्वो (15AUG 26JAN) पर प्लास्टिक के झंडो को तोरण के रुप मे प्रयोग करने पर सख्त कार्यवाही हेतु प्रार्थना पत्र तथा सभी राज्य सरकारो को सख्त निर्देश देने हेतु प्रार्थना पत्र

विभाग का नाम - उपराष्ट्रपति सचिवालय नई दिल्ली
चाही गई सूचना का प्रारुप - सत्य प्रतिलिपी । छाया प्रतिलिपी
सूचना आवेदन पत्र जमा दिनाँक -
शुल्क का विवरण - रुपये 10 का पोस्टल आर्डर क्रमांक 11F 761804

अत: प्रार्थना है कि मेरे द्वारा चाही गई सूचना की जानकारी प्रदान करने की कृपा करे तथा यदि इस संबंध में अतिरिक्त शुल्क जो भी होगा व आपके आदेश होते ही पटाने को तैयार हुं अत: मुझे तत्काल निर्धारित समय में सूचना प्रदान करने की कृपा करें

जयहिंद

दिनाँक - 26/8/17

लोकेश साहू
आवेदक के हस्ताक्षर व नाम